दिनांक 19.05.2022 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

जन समस्या निवारण शिविर में 11 आवेदनों का त्वरित हुआ निराकरण, विद्युत पोल में लाइट लगाने के लिए किया आवेदन, आधे घंटे में लग गई लाइट

भिलाई नगर/ जन समस्या निवारण शिविर में आज आर.के. दुबे एवं परमेश्वर चंद्राकर ने विद्युत पोल में लाइट लगाने के लिए शिविर में आवेदन किया। आधे घंटे के भीतर विद्युत पोल में लाइट लगा दी गई और आवेदक के आवेदन की समस्या का निराकरण कर दिया गया। लोगों की समस्याओं का निराकरण करने के लिए महापौर नीरज पाल के निर्देश पर भिलाई निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डो में जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किया जा रहा है , जहां लोग बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए अपनी समस्याओं को लेकर आवेदन दे रहे हैं। शिविर में प्राप्त होने वाले आवेदनों का शीघ्रता से निराकरण भी किया जा रहा है। निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे निगम क्षेत्र के जन समस्या निवारण शिविर के स्थलों का निरीक्षण भी कर रहे है। महापौर ने कहा कि लोगों की छोटी-छोटी ऐसी समस्याएं जो त्वरित निराकरण योग्य है उसे प्राथमिकता लेकर शीघ्र निराकरण करे। पानी, बिजली और सफाई से संबंधित समस्या हो या राशन कार्ड, आधार कार्ड, पेंशन, पट्टा के लिए प्राप्त आवेदनों पर बिना कोई देरी किए निराकरण करें। शिविर से प्राप्त होने वाले आवेदनों का निराकरण करने प्रतिदिन सतत मॉनिटरिंग स्वयं आयुक्त कर रहे है। आज नगर निगम क्षेत्र के सभी जोन में आयोजित शिविर में कुल 100 आवेदन प्राप्त हुए है जिसमें से साफ सफाई , बिजली और राशनकार्ड से संबंधित 11 आवेदनों का निराकरण मौके पर ही किया गया। वार्डो में आयोजित होने वाले जन समस्या निवारण शिविर का वार्ड के पार्षद भी निरीक्षण करते हुए शिविर में आने वाले नागरिकों के समस्या का निराकरण स्वंय मौके पर उपस्थित होकर उनका सहयोग भी कर रहे है। 11 अप्रेल से आयोजित होने वाले जनसमस्या निवारण शिविर में 119 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। शुक्रवार को इन केंद्रों में लगेंगे जन समस्या निवारण शिविर दिनांक 20 मई 2022 को जोन क्रमांक 1 अंतर्गत वार्ड क्रं. 08 कृष्णा नगर पुराना वार्ड कार्यालय कृष्णानगर , जोन 02 अंतर्गत वार्ड क्रं. 23 घॉसीदास नगर दुर्गा मंच, जोन 03 अंतर्गत वार्ड क्रं. 36 श्याम नगर महामाया मंदिर परिसार श्याम नगर , जोन 04 अंतर्गत वार्ड क्रं. 44 लक्ष्मी नारायण नगर उड़िया भवन में जन समस्या निवारण शिविर लगेगा , जहां अपनी समस्याओं को लेकर आम नागरिक आवेदन दे सकेंगे और समाधान पा सकेंगे।